सेवा में,

दिनांक : सात मार्च 2022

जन सूचना पदाधिकारी

भारतीय वन्य जीव संस्थान

देहरादून, उत्तराखंड

महोदय/महोदया,

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आपसे आग्रह है कि निम्न सूचनाएं उपलब्ध करवाएं :

1. गंगा नदी और गंगा नदी बेसिन में डॉलफिन की संख्या कितनी है? क्या इस संबंध में कोई अधिकृत सरकारी डेटा उपलब्ध है? अगर उपलब्ध है तो कृपया उसे मुझे प्रदान किया जाए।

2. बिहार के भागलपुर जिला स्थित विक्रमशिला गंगाटिक डॉलफिन सेंचुरी में डॉलफिन की कितनी संख्या हैं, कृपया उसका ब्यौरा उपलब्ध करायें। क्या डॉलफिन की गणना विगत सालों में करायी गयी है? क्या निकट भविष्य में उनकी गणना कराने की योजना है।

3. डॉलफिन गणना के लिए किस तकनीक या मानक का उपयोग किया जाता है? किस तरह से इस कार्य को कराया जाता है, कृपया उसकी संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध करायें।

4. क्या दो साल के कोविड19 लॉकडाउन का डॉलफिन के संरक्षण पर साकारात्मक असर पड़ा है, क्या इस संबंध में कोई अध्ययन रिपोर्ट है। अगर है तो कृपया उसका ब्यौरा दें।

5. गंगा नदी के डॉलफिन के संरक्षण के लिए सबसे बड़ा खतरा भारतीय वन्य जीव संस्थान किन चीजों को मानता है। कृपया विवरण दें।इस सूचना के लिए सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत आवश्यक भुगतान शुल्क इस आवेदन के साथ संलग्न है।

भवदीय


राहुल सिंह

द्वारा: गोपाल सिंह

पता - माधुरी निवास

गली नंबर - 2, कालिका विहार, रिखिया रोड

भूरभूरा मोड़ा, देवघर, पिन कोड - 814112

झारखंड


SBI CHEQUE NO-
244995

कृपया उपरोक्त पते पर ही सूचना प्रेषित किया जाए।